भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-202

उत्तर देने की तारीख-24/07/2024

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के अंतर्गत परीक्षण केंद्र

202 श्री एस. निरंजन रेड्डी:

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विभिन्न राज्यों में ऑनलाइन प्रोक्टर्ड परीक्षाएं आयोजित करने वाले अनुमोदित परीक्षण केंद्रों की वर्तमान संख्या और वितरण, तथा विगत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष स्थापित किए गए नए परीक्षण केंद्रों की संख्या क्या है;

(ख) एनटीए के अंतर्गत परीक्षण केंद्रों को स्वीकृत करने हेतु मानदंड और अवसंरचनात्मक आवश्यकताएं क्या हैं;

(ग) क्या परीक्षण केंद्रों की वर्तमान संख्या, एनटीए परीक्षाओं में प्रतिवर्ष उपस्थित होने वाले छात्रों की संख्या के लिए पर्याप्त है;

(घ) बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, परीक्षण केंद्रों की संख्या बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) क्या परीक्षा प्रक्रिया में सुधार करने और धोखाधड़ी को रोकने के लिए ऑनलाइन प्रोक्टर्ड परीक्षाओं की निगरानी हेतु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का उपयोग किया जा रहा है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) और (ड.): एनटीए की प्रमुख परीक्षाएं कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) मोड में आयोजित की जाती हैं और ऑनलाइन प्रॉक्टरिंग मोड में नहीं।

(ख): केंद्रों की भौतिक अवसंरचनात्मक आवश्यकताओं में अन्य बातों के अलावा दिव्यांगों के लिए बैठने की उपयुक्त व्यवस्था और पहुंच शामिल है। सीबीटी परीक्षा के लिए, कंप्यूटर नोड्स, नेटवर्किंग व्यवस्था आदि जैसा तकनीकी बुनियादी ढांचा अपेक्षित है।

(ग) और (घ): वर्ष 2018 में अपनी स्थापना के बाद से एनटीए ने 5.4 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों को शामिल करते हुए 240 से अधिक परीक्षाएँ सफलतापूर्वक आयोजित की हैं। परीक्षाएँ विभिन्न केंद्रों पर ओएमआर मोड और सीबीटी मोड में आयोजित की गई हैं। नए केंद्रों को जोड़ना उम्मीदवारों की संख्या, तकनीकी और भौतिक अवसंरचना की उपलब्धता आदि जैसे कई कारकों द्वारा नियंत्रित होता है। जब भी किसी विशेष शहर में कंप्यूटर नोड्स की कमी होती है, जहां संभव हो, उच्च शिक्षा संस्थानों और एआईसीटीई से संबद्ध संस्थानों से अनुरोध किया जाता है कि वे परीक्षा आयोजित करने के लिए अपने परिसर उपलब्ध कराएँ।

****